


नवभारत 03
छिंदवाड़ा, मंगलवार 11 अगस्त, 2026


बैठक ▶ सोमवार को परिषद की साधारण बैठक 45 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

# नगर में पुराना बस स्टैंड का होगा नवीनीकरण, वार्ड बारह में बनेगा पार्क

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 10 अगस्त.** नगर पालिका परिषद सौसर में सोमवार को आयोजित साधारण सम्मेलन की बैठक में रखे गए सभी प्रस्तावों को परिषद के स्वीकृति की मोहर लग गई है। नगर में विविध विकास कार्य के लिए प्रस्ताव लिए है जिसमें नगर के बस स्टैंड का नवीनीकरण और पार्क का निर्माण करना प्रमुख प्रस्तावित कार्य है। इसके अलावा वार्डो में सेंसरी पार्क, बाउंड्रीवाल जैसे निर्माण और अन्य कार्यो का समावेश है। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड निर्माण कार्य के प्रस्ताव को लेकर उपाध्यक्ष और एक पार्षद ने नाराजगी व्यक्त करने की बात सामने आई है।



नगर पालिका परिषद भवन के सभाकक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष सुरेखा डागा ने की। उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।सीएमओ मौसम पालेवार ने बैठक का एजेंडा रखा। सर्वप्रथम 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास से मनाने के संबंध में चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई ।

**इन प्रस्तावों पर लगी परिषद की मोहर**

आज हुई परिषद की बैठक में रखे गए सभी 45 प्रस्तावों पर स्वीकृति मिली है। इसमें नगरीय योजना मुख्य मंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (पंचम चरण) अंतर्गत वार्डो में निर्माण, नगर के पुराना बस स्टैण्ड के स्थान पर नवीन बस स्टैण्ड का निर्माण करना, वार्ड 8 के स्थान पर वार्ड 12 में मार्केटिंग सोसायटी की भूमी पर पार्क निर्माण, वार्ड 12 पानी की टंकी के पास गीता भवन का निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने हेतु निविदा के संबंध विचार एवं निर्णय। वार्ड 10 शिव मंदिर के पास में बाउंड्री दिवाल निर्माण किए जाने पर विचार एवं निर्णय,वार्ड 14 में अमृत 2.0 पार्क विकास योजना अंतर्गत अतिरिक्त राशि व्यय की स्वीकृति मिलने, वार्ड 12 एवं 13 में आवासीय क्वार्टर की भूमी कि मांग एवं उक्त भूमी पर प्रस्तावित इनडोर स्टेडियम के निर्माण की एजेन्सी निकाय को बनाने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने,वार्ड 11 में रोगी कल्याण समिति की भूमी की मांग करने एवं उक्त भूमी पर पार्क एवं कॉम्प्लेक्स बनाने निर्णय।

इसके अलावा स्व. अटल बिहारी प्रतिमा स्थापना हेतु प्लेटफार्म निर्माण,वार्ड आठ में झूलेवाली माता मंदिर के सामने स्थित भूमी पर पब्लिक कम सेंसरी पार्क निर्माण कार्य, शिवाजी चौक से नाग मंदिर एवं नाग मंदिर से विठ्ठल मंदिर तक रोड का चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण करना, अन्नाभाऊ साठे परिसर में दुकान निर्माण एवं वाघ्यानाला किनारे प्रोफाइल टिन शेड गुमठियां निर्माण करने के संबंध में विचार एवं निर्णय लिया गया इसके अलावा विविध कार्यों पर प्रस्ताव हुए हैं।

### 55 एकड़ भूमी की जाएगी मांग

परिषद की बैठक में यह भी प्रस्ताव लिया गया है कि नगर विकास के लिए 55 एकड़ भूमी की मांग जाएगी। प्रस्ताव के अनुसार खसरा क्र 59/1 (5) रकबा 19.6670 हेक्टेयर ग्राम कढ़ैया की 55 एकड भूमी की मांग कलेक्टर से करने एवं उक्त भूमी पर नमो हरित नगर योजना के कार्य एवं सोलर प्रोजेक्ट विस्थापित करने विचार एवं निर्णय लिया गया है।

### नवीन बस स्टैंड के प्रस्ताव पर हुई बहस

जानकारी के अनुसार सोमवार को परिषद की बैठक में वार्ड पंद्रह में नगर के बस स्टैंड के नवीनीकरण के प्रस्ताव रखते ही उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे और एक पार्षद ने इसको लेकर सवाल खड़े किए। इधर परिषद अध्यक्ष सुरेखा डागा का कहना है कि आज हुई बैठक में रखे गए प्रस्तावों को परिषद की स्वीकृति मिल गई है।

## शास. हाईस्कूल गोहटान और उत्कृष्ट कन्या छात्रावास सौसर में कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन शिविर



**नवभारत न्यूज़,सौसर 10 अगस्त.** कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान के अंतर्गत छात्र छात्राओं में व्यसन से दूर कैसे रहे, सोशल मीडिया, के दुष्परिणाम, असामाजिक तत्वों से स्वयं का बचाव कैसे करे, लक्ष्य का निर्धारण, योग और ध्यान,प्राणायाम से मानसिक तनाव को दूर कैसे करे, हमारे आदर्श कौन, आहार संयम, भारतीय संस्कृति के प्रति हमारे क्या दायित्व है, आत्मरक्षा कैसे करे आदि प्रेरक मार्गदर्शन आद.प्राचार्य संजय कुर्वे, एवं पार्षद रामकृष्ण राउत, वॉइस प्रिसिपल प्रभाकर डोंगरे, स्टाफ अजय म्हात्रे, राजकुमारी उइके, अन्नपुर्णा काकड़े आदि के प्रमुख उपस्थिति में और, किशोर किनकर, उपजोन जिला सिवनी कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान प्रभारी के विशेष उपस्थिति में। जिला प्रशिक्षक ज्ञानेश्वरी बिसेन, जयश्री वडसकर ने मार्गदर्शन किया। जिसमे 114 बच्चे हाइस्कूल गोहटान के एवं हॉस्टल की 50 बेटियां लाभान्वित हुई।

# बैतूल के व्यापारी को बिना अनुज्ञा के गेंहू परिवहन करना पड़ा महंगा

### मंडी उड़नदस्ता टीम ने विशाखापट्न जा रहे गेंहू के ट्रक को पकड,बैतूल के व्यापारी से वसूला 81 हजार से अधिक का जुर्माना



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,10अगस्त**,बैतूल के व्यापारी को बिना मंडी शुल्क जमा किए बैगेर गेंहू विशाखापट्न भेजना मंहगा पड गया,पांढुरना की कषि उपज मंडी की उडनदस्ता टीम ने ग्राम सिवनी के पास बैतूल के इस व्यापारी रूपेश साहू के 347 क्विंटल गेंहू से लद्दे ट्रक को पकड़ व्यापारी से 81 हजार से भी अधिक के जुर्माने की राशि वसूल की गई,कृषि मंडी के अधिकारियों की इस तरह की लगातार जारी कार्यवाहीं के चलते अवैध रूप से कृषि उपज का परिवहन करने वाले व्यापारियों में हडकंप व्याप्त है। गौरतलब हो कि बिना अनुज्ञा के मध्य प्रदेश की कृषि उपज अन्य प्रांतों में ले जाने वाले व्यापारियों के खिलाफ पांढुरना के मंडी उड़नदस्ता टीम की लगातार कार्यवाही की जा रही है,मुखबिर से मिली सूचना के बाद बीते रविवार को 10:30 बजे कृषि उपज मंडी की उड़नदस्ता टीम द्वारा नगरीय सीमा से लगे ग्राम सिवनी के पास पडोसी जिले बैतूल की और से आ रहें ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीआर 5616 को रोककर की गई जांच में इस ट्रक में बैतूल जिले के मुलताई तहसील के ग्राम बोरदेही के व्यापारी रूपेश साहू का 347.70 क्विंटल गेंहू लदा हुआ था,ट्रक चालक ने बताया कि वह यह गेंहू बोरदेही से भरकर विशाखापट्न ले जा रहा है,लेकिन ट्रक चालक के पास इस गेंहू को परिवहन के कोई भी दस्तावेज नहीं थे,जिसके कारण उड़नदस्ता टीम द्वारा इस उक्त गेंहू से लदे ट्रक को कृषि उपज मंडी कार्यालय परिसर में लाकर खड़ा कर दिया गया ।

बिना अनुज्ञा के गेंहू विशाखापटम ले जाने पर मंडी अधिकारियों ने व्यापारी रूपेश साहू से पांच गुना मंडी शुल्क के रूप में 67410,निराश्रिम शुल्क 8990 तथा समझौता शुल्क की पांच हजार इस प्रकार कुल 81 हजार 400 रूपए के जुर्माने की राशि जमा कराई,उल्लेखनीय हो कि मंडी बोर्ड भोपाल तथा जबलपुर संभागीय अधिकारियों के निर्देश पर पांढुरना कृषि उपज मंडी की उडनदस्ता टीम द्वारा बिना अनुज्ञा के कृषि उपज सीमा पर ले जाने वाले व्यापारियों के खिलाफ की जा रहीं कार्यवाहीं के चलते ऐसे व्यापारियों में हडकंप मचा हुआ है।

## स्काउट गाइड भवन के निर्माण हेतू शिक्षक महंत संजय पुरी ने दी आर्थिक सहायता राशि

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,10 अगस्त**, छिंदवाड़ा के महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में बीते दिवस स्काउट गाइड के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों की तरह ही पांढुरना के ग्राम कामठी कला के शासकीय राजेन्द्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्काउट गाइड शिक्षक मंहत संजय पुरी ने भी उपस्थित होकर प्रशिक्षण लेने के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.के.इरपाची को विभिन्न प्रजातियों के पौधे भेंट कर सम्मान करने के साथ ही स्काउट गाइड भवन के निर्माण हेतु पांच हजार रूपए की नगद राशि भी भेंट की गई। अनुशासन,सेवा,आत्मनिर्भरता के मुल उद्देश्य से निस्वार्थ भाव से सेवा करनी वाले स्काउट गाइड के शिक्षकों को प्रशिक्षण देने छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय के रानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के अन्य शासकीय स्कूलों की तरह ही पांढुरना के ग्राम कामठी कला के शासकीय राजेन्द्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्काउट गाइड शिक्षक महंत संजय पूरी ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण लिया।



इस दौरान वे जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.के.इरपाची के कार्यो से प्रभावित होने पर स्काउट गाइड के शिक्षक संजय पुरी ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री इरपाची को विभिन्न प्रजातियों के छै- फलदार पौधे भेट कर इनका सम्मान करने के साथ ही छिंदवाड़ा के स्काउट गाइड भवन के निर्माण हेतू पांच हजार रुपए की नगद राशि भी भेंट की गई, शिक्षक संजय पुरी के इस कार्य की इनके सहपाठी शिक्षक साथियों के साथ ही ग्रामीणों द्वारा भी सराहना कि जा रहीं है।

## बोरगांव में ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न,ओम साई स्कूल सौसर के बच्चों ने दिखाया बौद्धिक कौशल



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 10 अगस्त.** ओम साई सेंट्रल पब्लिक स्कूल सौसर की प्राचार्या श्रीमती जयश्री केलकर ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरगांव में बीते दिवस ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के अनेक स्कूल के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में ओम साई स्कूल सौसर के कक्षा 10 वी के बालक चैतन्य उपासे तथा कक्षा 9 वी के बालक मयंक कडू का इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए जिला स्तर के लिए चयन किया गया ।इस अवसर पर ओम साई सेंट्रल पब्लिक स्कूल सौंसर के संस्था प्रमुख अनिल जी ठाकरे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज सिर्फ एक खेल नहीं है। यह दिमाग की कसरत है। शाला की प्राचार्या श्रीमती जयश्री केलकर ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा किहार-जीत खेल का हिस्सा है। जरूरी है आपकी रणनीति और खेल भावना।हर चाल आपको कुछ नया सिखाती है और हर जीत आत्मविश्वास बढ़ाती है।प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक की भूमिका राजकुमार तांडेकर ने निभाई।

## विवि 14 तक पूरी करें सीएचबी टीचर्स की मान्यता

**नागपुर,** नागपुर विश्वविद्यालय से संलग्नित महाविद्यालयों में घंटों के आधार पर (सीएचबी) कार्यरत प्राध्यापकों की नियुक्ति एवं मान्यता की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 14 अगस्त तक की समयसीमा निर्धारित की गई है. निर्धारित अवधि में प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई है. उच्च शिक्षा संचालक ने इस संबंध में परिपत्रक जारी कर निर्देश दिए हैं. सीएचबी शिक्षकों की नियुक्ति और मान्यता के लिए कार्यप्रणाली तथा समयबद्ध कार्यक्रम पहले ही निर्धारित किया गया है. इसके अनुसार संस्था और महाविद्यालय स्तर पर सीएचबी शिक्षकों की नियुक्तियां निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार करने के निर्देश उच्च शिक्षा संचालनालय ने 9 अक्टूबर 2025 और 27 जुलाई 2026 को दिए थे.

## 13 अगस्त को नगर में निकलेंगी तिरंगा यात्रा

**नवभारत न्यूज, पांढुरना,10 अगस्त,** हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को नगर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएंगी,जिसमें जनप्रतिनिधि,अधिकारी,कर्मचारियों के साथ ही स्कूली छात्र,गणमान्य नागरिक भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। सरकार द्वारा चलाए जा रहें हर घर तिरंगा अभियान के तहत पांढुरना नगर जिला मुख्यालय में भी आगामी 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएंगी,यह यात्रा नगर पालिका मैदान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग जिसमें लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाऊस, पंचशील,अंबिका,तिन शेर,राजीव गांधी मार्केट, जय स्तंभ,गुजरी बाजार, हनुमती, महावीर वार्ड तथा समता कांलेज से होकर वापस नगर पालिका मैदान में पहुंचेंगी। इस तिरंगा यात्रा में स्कूली छात्र, एनसीसी कैडेट, जनप्रतिनिधी, अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

## अनधिकृत निर्माण हटाकर सरकारी जमीन तत्काल कब्जे में लें

**नागपुर, महानगर संवाददाता.** येरखेड़ा में मूलभूत विकास कार्यों के लिए जमीन की अत्यंत आवश्यकता है. इसके लिए नगर पंचायत को क्षेत्र में उपलब्ध खाली जमीन की सटीक जानकारी संकलित करने के निर्देश पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने दिए. उन्होंने कहा कि अनधिकृत निर्माण के कारण जिन सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हुआ है उन्हें नियमानुसार तत्काल हटाकर संबंधित सरकारी जमीन को कब्जे में लिया जाए.येरखेड़ा नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों, उपलब्ध निधि और लंबित कार्यों की समीक्षा पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को की. येरखेड़ा नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार बरवे, उपाध्यक्ष रंजना काले, सभापति नरेश मोगे, उपसभापति ममता पितरेवार, गुट नेता गजानन तिरपुडे, जिलाधिकारी कुमार आशीर्वाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे. सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाते समय शासन निर्णय के अनुसार जिन लोगों को संरक्षण प्राप्त है, उनके संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी पालक मंत्री ने दिए. गोंडपुरा, सदाशिवनगर, मरारटोली, रविदासनगर तथा बागडोर नाले के पास जिन क्षेत्रों का अभी तक मापन नहीं हुआ है, उनका तत्काल मापन कर पट्टा वितरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश चंद्रशेखर बावनकुले ने दिए.

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह में उमड़ा सैलाब

### दहिलाई किर्तन हुआ से महाप्रसादी का वितरण

**नवभारत न्यूज़**
**पीपला नारायण वार 10 अगस्त.** वार्ड न. 6 मे स्व. गणपतिराव राऊत की स्मृति मे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन हो रहा है। जिसमे प्रसिद्ध कथा वाचक ह.भ.प. कथावाचक संतोष महाराज निंबा?कर के द्वारा प्रतिदिन कथा के माध्यम से ईश्वर के सद्गुणों और भागवत कथा के महत्व को बताया जा रहा। कथा का आयोजन ज्ञानेश्वर राऊत के द्वारा अपने बड़े पिता की स्मृति मे किया गया सोमवार दहीलाइ किर्तन के साथ-साथ समापन किया गया। दहीलाइ किर्तन के उपलक्ष्य में हरी भक्त परायण कथावाचक संतोष महाराज निंबाकर द्वारा दहीलाई किर्तन किया गया। इस अवसर पर हभप श्री कथावाचक संतोष महाराज निंबा?कर ने बाल लीलाओं का वर्णन किया, वही मनुष्य जीवन में संतो के महत्व को बताया। ह भ प कथा वाचक संतोष महाराज निंबाकर ने कहा की मनुष्य ही एकमात्र प्राणी है जो मोक्ष प्राप्त कर सकता है, जो संतों की संगत करेगा वही भगवान के श्री चरणों को प्राप्त कर सकता है।कहा कि मानव जीवन में सत्कर्म और सत्य के मार्ग पर चलकर समाज को एक नई दिशा देने का कार्य भी करना चाहिए। हरि भक्त परायण ह,भ,प, कथावाचक संतोष महाराज निंबा?कर ने दहीलाइ किर्तन के पूर्व संध्या पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह किर्तन में कहा की सूर्यकांत महाराज साक्षात एक महान पुण्य आत्मा है, जो प्रत्यक्ष रूप से मावली के साथ वार्तालाप करते थे, आज दहिलाई किर्तन के अवसर पर नगर में भक्तों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। दहिलाई के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया, तथा आए हुए गायक किर्तनकार, वीणावादक एवं तारक साथियों का भी शाल व श्रीफल देकर सत्कार किया गया। महाप्रसाद जी का वितरण किया गया है।




उम्मीद ▶ बारिश के दो माह बाद बीतने के बाद भी जलाशय के पेट अभी भी खाली,सात जलाशयों में तो अब तक एक प्रतिशत भी नहीं हुआ जलभराव

# धरती पुत्रों को अब भी है झमाझम बारिश की उम्मीद

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,7 अगस्त,** वर्षा ऋतु के दो माह बीतने के बाद भी पांढुरना के अधिकांश जलाशयों में पर्याप्त पानी का संग्रहण ही नहीं हो सका है,यहां तक के कई जलाशयों में तो एक प्रतिशत भी जलभराव नहीं हुआ है,हालांकि अभी पूरी तरह से बारिश का मौसम समाप्त नहीं हुआ है,किसानों को अब भी अच्छी झमाझम बारिश होने की उम्मीद है।

**रिमझिम बरसता पानी अंकुरित फसलों के लिए रहा वरदान**

वैसे इस वर्ष मौसम विभाग द्वारा कम बारिश होने की संभावना व्यक्त की थी,वहीं विलंब से मानसून प्रारंभ होने से किसानों ने खेतों में बुआई देरी से ही की,हालांकि इस दौरान बीच-बीच में रूक-रूक कर होती रही रिमझिम बारिश से खेतों में अंकुरित फसलों को विकसित होने में पर्याप्त पानी मिलते रहा,जिसके कारण आज सभी किसानों के खेतों में खरीफ की फसलें लहलहा रही है।




### अभी भी किसानों को झमाझम बारिश की उम्मीद

लेकिन झमाझम बारिश नहीं होने से किसानों के खेतों में स्थित निजी जल स्रोत तथा विभागीय जलाशय भी भर नहीं पाए है, हालत यह है कि वर्षा ऋतु के दो माह का लंबा समय बीतने के बाद भी अभी भी कई जलाशयों में एक प्रतिशत भी जलभराव नहीं हो पाया है,ऐसे में किसानों को रबी फसलों की बुआई के साथ ही ग्राम पंचायतों,नगर पालिका को लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था बनाने की अभी से चिंता सताने लगी है। हाला कि अभी वर्षा ऋतु का पूरा मौसम समाप्त नहीं है,जानकारी किसानों तथा विभागीय अधिकारियों को अभी भी झमाझम बारिश होने की उम्मीद है,जिससे सभी जलाशय,नदी,नालों तथा किसानों के खेतों के जल स्रोत भी लबालब भर जाएंगे।

### यह है क्षेत्र के जलाशयों के जलभराव की स्थिति

विभागीय सूत्रों की माने तो क्षेत्र के 26 जलाशयों में से एक मात्र जुनेवानी जलाशय जिससे पांढुरना नगर वासियों को प्यास बुझाई जाती है इसी जलाशय में 69 प्रतिशत जलभराव है,जब कि सात जलाशयों में तो 0 प्रतिशत तो वहीं 6 जलाशय में दस प्रतिशत से भी कम जलभराव है। इसी प्रकार मोहखेडी ,राज डोंगरी में 10 प्रतिशत, बिछुआ साहनी, गुजरखेडी में 12, मांडवी,उत्तम डेरा में 22, भाजीपानी में 21, हिवरा सेनाडवार 26, रिगनखापा 41, टेमनी 33, मोही 37, अन्य जलाशयों की भी स्थिति इसी प्रकार है।

# जानलेवा हमले के आरोपी बेखौफ, कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिला पीड़ित परिवार



**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 10 अगस्त** - सौंसर नगर में तीन दिन पूर्व हुए जानलेवा हमले का शिकार युवक कोमा में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है, जबकि आरोपी बेखौफ होकर खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस की मामूली कार्रवाई से आहत पीड़ित परिवार ने सोमवार को पांढुर्ना पहुंचकर पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार से मुलाकात की और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई।

पीड़ित के भाई सोहेल शेख द्वारा एसपी को सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, शुक्रवार की शाम उसके 35 वर्षीय भाई अनवर उर्फ सलमान पर शादाब खान, अमित ठाकरे और टिंकु खान ने किसी बात को लेकर जानलेवा हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल अनवर को छिंदवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और वह कोमा में है।

पीड़ित परिवार का गंभीर आरोप है कि घटना की सूचना दिए जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों पर केवल मामूली प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। आरोपी नगर में खुलेआम घूमकर पीड़ित परिवार को शिकायत करने पर दोबारा अंजाम भुगतने की धमकियां दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार दहशत के साए में है।

**मेडिकल रिपोर्ट आने पर बढ़ेंगी धाराएं: टीआई**

मामले को लेकर नवभारत से चर्चा में टीआई रूपलाल उईके का कहना है कि तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। अस्पताल से मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होते ही मामले में आरोपियों के विरुद्ध धाराएं बढ़ाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।